प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 19.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त करेंगे जारी, 9 करोड़ किसानों के खातों में डाली जायेगी 18 हजार करोड़ रुपये की राशि।**

2. **पांच दिसंबर से आहुत होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र को राज्यपाल ने दी मंजूरी, आठ दिसंबर को पेश होगा द्वितीय अनुपूरक बजट।**

3. **चर्चित शराब घोटाला मामले में जांच का दायरा बढ़ा, एसीबी ने अब पूर्वी सिंहभूम के डीसी को भेजा नोटिस, कल पूछताछ के लिए किया तलब।**

4. **झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा शुल्क में की 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी, नयी दर अगले वर्ष से होगी लागू।**

और

5. **जम्मू में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, एक स्वर्ण सहित दो पदकों पर जमाया कब्जा।**

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। देश के 9 करोड़ किसानों के खातों में दो–दो हजार की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जायेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि आज का दिन प्रधानमंत्री किसान उत्सव के रुप में मनाया जायेगा।

****

जंगली जानवरों के कारण फसल खराब होने और बाढ़ से धान की फसल का नुकसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में शामिल हो गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस योजना में बाढ़ से धान की फसल के नुकसान को स्थानीयकृत आपदा के अंतर्गत फिर से शामिल किया गया है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र को मंजूरी दे दी है। पांच से 11 दिसंबर तक आहूत होने वाले इस सत्र का विस्तृत कार्यक्रम विधानसभा सचिवालय ने जारी कर दिया है। सत्र के दौरान कुल पांच कार्यदिवस होंगे। आठ दिसंबर को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृ ष्ण किशोर चालू वित्त वर्ष 2025–26 का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश करेंगे।

****

राज्य के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी की जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब एसीबी ने तत्कालीन उत्पाद आयुक्त और वर्तमान में पूर्वी सिंहभूम के डीसी के पद पर पदस्थापित आईएएस अधिकारी कर्ण सत्यार्थी को पूछताछ के लिए तलब किया है। एसीबी ने उन्हें 20 नवंबर को उपस्थित होने का नोटिस भेजा गया है।

****

हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र में 16 नवंबर की रात हुई ज्वेलरी लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस सिलसिले में तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि लूटे गए सभी जेवरात, हथियार और घटना में इस्तेमाल वाहन भी बरामद कर लिए गये हैं।

****

हजारीबाग पुलिस ने जिले के टाटीझरिया थाना क्षेत्र में 20 लाख रुपये फिरौती के लिए किए गए अपहरण मामले में कुख्यात अपराधी गिरोह अरुण मंडल गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस समेत अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

****

रामगढ़ के पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में नियमित शारीरिक प्रशिक्षण के दौरान एक अग्निवीर जशनप्रीत की मृत्यु हो गयी। वे फिरोजपुर के लोहगढ़ गांव के रहने वाले थे। 21 वर्षीय इस जवान को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद तुरंत प्राथमिक उपचार देकर सैन्य अस्पताल रामगढ़ ले जाया गया। तमाम कोशिशों के बाद भी चिकित्सक उन्हें बचा नहीं पाये। भारतीय सेना ने जशनप्रीत के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

****

जमशेदपुर के टाटानगर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के उड़न दस्ते ने दो मानव तस्करों को गिरफ्तार किया, जो नाबालिक बच्चों को काम दिलाने के नाम पर तमिलनाडु के सलेम ले जा रहे थे। आरपीएफ अधिकारी राकेश मोहन ने बताया कि इस कार्रवाई में 13 नाबालिगों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया।

****

झारखंड अधिविद् परिषद—जैक ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है। परीक्षा शुल्क 35 फीसदी बढ़ाई गई है। जो 2026 से लागू होगी।

****

आतंकी हमले और भगदड़ जैसी स्थिति में नागरिक सुरक्षा के लिए कल रांची के जेएससीए स्टेडियम में मॉक ड्रिल आयोजित की गयी है। इस सिलसिले में रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने आज दोपहर एक बजे बैठक बुलाई है।

****

हजारीबाग में केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान को सफल संचालन किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं

****

जम्मू के भगवती नगर के इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता में अंडर—19 बालिका वर्ग के 44 किलोग्राम वर्ग में झारखंड की सौम्या आयकत ने अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाया है। वहीं, अंडर—19 बालिका वर्ग के 40 किलोग्राम भारवर्ग में झारखंड की बबीता कुमारी ने भी कांस्य पदक जीता है।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कुख्यात माओवादी हिडमा के मारे जाने की खबर को सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– झारखंड में सुस्त पड़ा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम।

हिन्दुस्तान लिखता है– बिहार में एनडीए नेता का चयन आज, शपथ कल।

प्रभात खबर ने हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है– निजी स्कूलों को सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक परेशान न करें।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– एचईसी को चलाना मुश्किल, दायित्वों को पूरा करने में भी अक्षम।

<u>***********समाप्त*****************</u>**